वर्ष- 3 , अंक- 58
छपरा
18 जनवरी रविवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक
खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या

### आरोपी रूसी नागरिक गिरफ्तार

**पणजी,एजेंसी।** गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दोनों शव शुक्रवार को बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों की हत्या के आरोप में 37 साल के रूसी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान एलेक्सी लियोनोव के रूप में की गई है। वहीं, मृतक महिलाओं का नाम एलेना कस्थानोवा (37) और एलिना वानीवा (37) था। गोवा पुलिस के मुताबिक, दोनों महिलाओं की हत्या एक ही पैटर्न में की गई। दोनों का चाकू से गला रेता गया था। हाथ बॉडी के पीछे की तरफ रस्सी से बंधे थे। मामला तब सामने आया, जब गुरुवार रात गोवा के अरंबोल में किराए के मकान से आरोपी की लिव-इन पार्टनर एलेना कस्थानोवा का शव बरामद हुआ। मकान मालकिन की शिकायत के मुताबिक, घटना रात 11 बजे के बाद हुई।

## भाजपा ने 25 निकाय में किया कब्जा

### अन्नामलाई बोले- जनता ने विभाजनकारी प्रचार को नकारा



**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के बाद पार्टी के नेता के. अन्नामलाई ने शुक्रवार को कहा कि जनता ने विभाजनकारी प्रचार को ठुकराया है और ट्रिपल-इंजन नेतृत्व पर भरोसा जताया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अन्नामलाई ने कहा मुंबई के लोगों ने स्पष्ट संदेश दिया है। बीएमसी चुनावों में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक जीत विकास-केंद्रित शासन का मजबूत समर्थन है।

**राज ठाकरे ने उड़ाया था मजाक :** पूर्व तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष पर एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने चुनाव प्रचार के दौरान निशाना साधा था। ठाकरे ने अन्नामलाई पर यह आरोप लगाया कि उन्होंने मुंबई को अंतरराष्ट्रीय शहर बताकर महाराष्ट्र से अलग दिखाने की कोशिश की। मजाकिया अंदाज में उन्होंने अन्नामलाई को रस मलाई भी कहा।

## 14 साल की नाबालिग पर बुजुर्ग ने डाला तेजाब, पीड़िता का पड़ोसी है आरोपी

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल में एक 14 साल की नाबालिग किशोरी पर बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा तेजाब डालने की घटना हुई है। इस घटना में पीड़िता बुरी तरह से जल गई है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी, पीड़िता का पड़ोसी था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने कुछ घंटे बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**क्या है पूरा मामला :** पुलिस ने बताया कि वायनाड में एक 14 साल की किशोरी पर उसके पड़ोसी व्यक्ति ने तेजाब डाल दिया। आरोपी की पहचान राजू जोस (53 वर्षीय) के रूप में हुई है, जो प्रियदर्शी उनाथी, पुलपल्ली इलाके का निवासी है। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम की है, जब जोस ने कथित तौर पर पीड़िता महालक्ष्मी पर तेजाब डाल दिया। पीड़िता आठवीं कक्षा की छात्रा है और आरोपी के पड़ोस में ही रहती है। पुलिस के अनुसार, दोनों पड़ोसियों के बीच कई मुद्दों पर नाराजगी थी।

# पीएम ने पहली वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

### ट्रेन के ड्राइवर से मिले, बच्चों से बात की; हावड़ा से गुवाहाटी तक चलेगी ट्रेन





**कोलकाता/गुवाहाटी,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मालदा में शनिवार को पीएम मोदी ने भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन किया। उन्होंने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन हावड़ा से गुवाहाटी के बीच चलेगी। उन्होंने ट्रेन के ड्राइवर से मुलाकात और उसके बारे में जाना। पीएम ने ट्रेन में मौजूद बच्चों से भी बात की। इस ट्रेन से हावड़ा-गुवाहाटी रूट पर यात्रा का समय लगभग 2.5 घंटे कम हो जाएगा। अभी हावड़ा से गुवाहाटी ट्रेन से जाने में करीब 18 घंटे लगते हैं। प्रधानमंत्री 3,250 करोड़ रुपए से अधिक की कई रेल और सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की आधारशिला रखने वाले हैं, जिनका उद्देश्य पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी को मजबूत करना और विकास को गति देना है।

**पीएम ने X पर लिखा- पश्चिम बंगाल TMC से तंग आ चुका है :** दौरे से पहले पीएम मोदी ने X पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा- मैं कल बीजेपी रैली के दौरान मालदा और आस-पास के इलाकों के लोगों के बीच रहने का इंतजार कर रहा हूं। हर गुजरते दिन के साथ, भ्रष्ट के कुशासन की कोई न कोई घटना सामने आती रहती है। पश्चिम बंगाल भ्रष्ट से तंग आ चुका है और उन्हें खारिज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। लोग विकास-उन्मुख बीजेपी सरकार चाहते हैं।

- **पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम :** हमारा देश 2047 तक विकसित होने पर काम कर रहा है। इसलिए लिए पूर्वी भारत का विकास होना जरूरी है। पूर्वी भारत को दशकों तक नफरत करने वालों ने जकड़ रखा था। भाजपा ने नफरत की राजनीति करने वालों से पूर्वी भारत को मुक्त किया है। पूर्वी भारत के लोगों का विश्वास भाजपा के नाम है। उनका विश्वास भाजपा के साथ है।
- **पत्थरदिल सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी :** टीएमसी वालों को आपकी तकलीफ की कोई चिंता नहीं है। वो अपनी तिजोरी भरने में जुटे हैं। मैं चाहता हूं कि देश की तरह बंगाल के गरीबों को 5 लाख का मुफ्त इलाज मिले, यहां आयुष्मान भारत योजना लागू हो। बंगाल देश का एक मात्र ऐसा राज्य है। यहां ये योजना लागू नहीं होने दी गई है। ऐसी पत्थर दिल सरकार, ऐसी निर्मम सरकार की बंगाल से विदाई जरूरी है।
- **बंगाल की हर दिशा में सुशासन की सरकार :** कुछ दिन पहले बिहार में बीजेपी-एनडीए की सरकार बनी है। यानी बंगाल की हर दिशा में बीजेपी के सुशासन की सरकार है। अब बंगाल की बारी है। इसलिए बिहार चुनाव की जीत के बाद मैंने कहा था- मां गंगा के आर्शीवाद से अब बंगाल में भी विकास की गंगा बहेगी। बीजेपी ये काम करके रहेगी।
- **बंगाल के सामने एक बड़ी चुनौती घुसपैठ की है :** आप देखिए दुनिया के जो विकसित देश हैं, समृद्ध देश हैं, जिन्हें पैसों की कमी नहीं, वे भी घुसपैठियों को निकाल रहे हैं। प. बंगाल में भी घुसपैठियों को बाहर करना जरूरी है। एक एक घुसपैठिए को निकालना जरूरी है। टीएमसी के रहते ये संभव नहीं है। ये जमीन-हक, बहन-बेटियों की रक्षा नहीं करेंगे। इन्हें सत्ता से बाहर निकालना चाहिए।
- **बाढ़ पीड़ितों को यहां पैसा तक नहीं मिलता :** पश्चिम बंगाल में बाढ़ राहत में कैसा काम हुआ है, मुझसे ज्यादा आप जानते हैं। मैं मालदा की बाढ़ राहत की CAG रिपोर्ट देख रहा था। टीएमसी के चहेतों के खातों में 40-40 बार बाढ़ राहत का पैसा भेजा गया। जो इसके हकदार नहीं थे, उन्हें लाखों रुपए दिया गया। जिन पर संकट आया उन्हें कुछ नहीं मिला। भाजपा की सरकार बनते ही, टीएमसी के ऐसे सारे काले कारनामें बंद किए जाएंगे।
- **मुंबई में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत :** कल ही महाराष्ट्र में शहरी निकाय के नतीजे आए, इसमें बीजेपी को एतिहासिक जीत हासिल हुई। खासतौर पर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में पहली बार बीजेपी को रिकॉर्ड जीत मिली है। जहां कभी बीजेपी के लिए चुनाव जीतना असंभव माना जाता था, वहां भी आज बीजेपी अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है।

# ईरान से लौटे भारतीय, दिल्ली एयरपोर्ट पर फूट-फूटकर रोए


### कहा- वहां इंटरनेट नहीं, हालात बदतर; ईरान में 28 दिसंबर से हिंसा, 3 हजार+ मौतें




**नई दिल्ली,एजेंसी।** ईरान में हिंसा के बीच वहां फंसे कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। इनमें कुछ भारत सरकार के पहल से भारत लौटे, तो कुछ निजी फ्लाइट्स से अपने खर्च पर वापस आए।

दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने परिवार से गले लगकर कई भारतीय नागरिक फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान वे किस परिस्थितियों में ईरान में फंसे थे। ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा- वहां हालात बहुत खराब हैं। खतरनाक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान से लौटी मेडिकल स्टूडेंट अर्श दहरा ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह एक निजी फ्लाइट से खुद दिल्ली आई हैं। एक अन्य युवक ने कहा- हम वहां एक महीने तक फंसे रहे।एक-दो हफ्तों से ज्यादा परेशानी होने लगी। घर से बाहर निकलते, तो प्रदर्शनकारी गाड़ी के सामने आ जाते थे।

### ईरान और गाजा में शांति बहाली को लेकर शशि थरूर ने जताई राहत, कहा- सकारात्मक संकेत से जागी आशा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ईरान और गाजा में बढ़ते तनाव को लेकर हाल की स्थिति पर अपनी चिंता और उम्मीद व्यक्त की। थरूर ने कहा कि हाल ही में दो सकारात्मक संकेत सामने आए हैं, जो आशा जगाते हैं। उन्होंने बताया कि ईरान में पहले से घोषित 800 से अधिक फांसी की सजा को अधिकारियों ने रद्द कर दिया है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलहाल किसी भी सैन्य हमले को रोकने का निर्णय लिया है। थरूर ने कहा कुछ हद तक यह एक सकारात्मक संकेत है कि तनाव कम हो सकता है। गल्फ देशों में भी भू-राजनीतिक प्रभाव को लेकर कुछ चिंता है, जो स्थिति को नियंत्रण से बाहर होने से रोक सकती है। मेरी आंतरिक भावना है कि हम शायद एक मोड़ पर आ गए हैं, लेकिन हमारे पास 100% सटीक जानकारी नहीं है।

### ईरान में दो हफ्तों से जारी हिंसा में 3 हजार से ज्यादा मौतें

ईरान में वहां की करेंसी रियाल के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसंबर 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे। देश के सभी 31 प्रांतों में हिंसा फैल गई है। इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं। ईरान ने 14 जनवरी को अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इसके बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द से ईरान छोड़ने की सलाह दी थी।

# राहुल गांधी बोले- पानी पीकर लोग मर रहे, यही अर्बन मॉडल

- **इंदौर में मृतकों के परिजन को डेढ़-डेढ़ लाख के चेक दिए; कहा- सरकार जिम्मेदारी ले**



**इंदौर,एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर पहुंचे। दूषित पानी पीने से बीमार हुए मरीजों और मृतकों के परिजन से मुलाकात की। राहुल सबसे पहले बॉम्बे हॉस्पिटल गए, जहां उन्होंने दूषित पानी से पीड़ित मरीजों और परिजन से मुलाकात की। मृतकों के परिजन से मिलने के बाद राहुल ने कहा ये नए मॉडल की स्मार्ट सिटी है। पीने का पानी नहीं है। परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए। यानी इंदौर में साफ पानी नहीं मिल सकता है। ये है अर्बन मॉडल। सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है।

राहुल गांधी ने साफ कहा कि किसी को ये राजनीति लगे तो लगे, लेकिन लोगों को साफ पानी मिलना चाहिए। राहुल के प्रशासन और सरकार की कार्यप्रणाली पर सीधा हमला किया।

इससे पहले राहुल भागीरथपुरा पहुंचे और दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से मिले। दोनों परिवारों को उन्होंने चेक दिया। इसके बाद राहुल गांधी संस्कार गार्डन पहुंचे। यहां उन्होंने अन्य प्रभावित परिजन से मुलाकात की। सभी को राहुल ने एक लाख और सिंघार ने 50-50 हजार रुपए के चेक दिए।

### मृतकों के परिजन से मिलकर निकले तब कहा- लोगों को डराया जा रहा है

राहुल बोले- इंदौर में लोग पानी पीकर मर रहे, ये अर्बन मॉडल भागीरथपुरा में मृतकों के परिजन से मिलने के बाद राहुल ने कहा- इनके परिवार में लोगों की डेथ हुई है। लोग बीमार हुए हैं। ये कहा जाता था कि देश को स्मार्ट सिटी दी जाएंगी। ये नए मॉडल की स्मार्ट सिटी है। पीने का पानी नहीं है। लोगों को डराया जा रहा है। सारे के सारे परिवार पानी पीने के बाद बीमार हुए। यानी इंदौर में साफ पानी नहीं मिल सकता है। पानी पीकर लोग मरते हैं। ये है अर्बन मॉडल।

### सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए

राहुल ने कहा- ये सिर्फ इंदौर में नहीं है। अलग-अलग शहरों में यही हो रहा है। सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। सरकार में कोई तो जिम्मेदार होगा, जिसने यहां ये काम करवाया है। कोई तो जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। लोगों ने जो इलाज कराया है, मौतें हुई हैं उसके लिए सरकार को मुआवजा तो देना चाहिए।

# मुर्शिदाबाद में फिर भड़की हिंसा, प्रवासी मजदूरों के मुद्दे पर एनएच-12 और रेल मार्ग जाम

**मुर्शिदाबाद,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को एक बार फिर तनाव भड़क उठा, जब प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 और रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया। यह विरोध एक दिन पहले हुई हिंसक घटनाओं के बाद सामने आया है, जिनके चलते राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के बीच सड़क और रेल संपर्क घंटों तक ठप रहा था।

**क्या है हालात?** पुलिस के अनुसार, बेलडांगा के बरुआ मोड़ पर सैकड़ों स्थानीय लोग एकत्र हुए और हा-12 पर बैठ गए, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।



प्रदर्शनकारियों ने एक रेलवे गेट को नुकसान पहुंचाया और ट्रेन सेवाओं को बाधित करने की कोशिश भी की।

हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने कुछ स्थानों पर लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया, हालांकि स्थानीय लोगों ने बल प्रयोग का आरोप लगाया है।

### एक और प्रवासी मजदूर के साथ मारपीट का आरोप

शनिवार को तनाव की नई वजह यह आरोप बना कि इलाके के एक और प्रवासी मजदूर अनीसुर शेख के साथ बिहार में बेरहमी से मारपीट की गई है। इस खबर से लोगों का गुस्सा फिर भड़क उठा, जो शुक्रवार की हिंसा के बाद कुछ हद तक शांत हुआ था। पुलिस ने बड़ी संख्या में बल तैनात किया, जबकि स्थानीय विधायक हुमायूं कबीर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों व अधिकारियों से बातचीत कर स्थिति को संभालने की कोशिश की।

# भागवत बोले- इंटरनेशनल ट्रेड किसी दबाव में नहीं होगा

### कोई देश टैरिफ लगाता रहे, भारत आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलेगा



**छत्रपति संभाजीनगर,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स्) के प्रमुख मोहन भागवत ने लोगों से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी (लोकल) सामान के इस्तेमाल करने की अपील करते हुए कहा कि जहां तक हो सके, देश में बना हुआ सामान ही खरीदें। अगर कोई चीज भारत में नहीं बन सकती, तभी उसे बाहर से मंगाना चाहिए।

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक हिंदू सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भारत इंटरनेशनल ट्रेड कर रहा है, लेकिन किसी देश के दबाव में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोई देश टैरिफ लगाए या दबाव बनाए, भारत ने आत्मनिर्भर बनने का रास्ता चुन लिया है और उसी पर चलना चाहिए।

भागवत ने कहा कि कुछ देश ग्लोबलाइजेशन को सिर्फ ग्लोबल मार्केट की तरह देखते हैं, लेकिन भारत इसे एक ग्लोबल फैमिली के नजरिए से देखता है। हमें दूसरे देशों में रोजगार पैदा करने की चिंता नहीं करनी चाहिए, यह उनकी जिम्मेदारी है। भागवत ने कहा कि भारत के साथ अगर कुछ अच्छा या बुरा होता है, तो इसके लिए हिंदुओं से सवाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र (ज्योग्राफिकल इलाका) नहीं है, बल्कि एक विचार, संस्कृति और चरित्र का नाम है।

### आरएसएस चीफ बोले- हमलों के बावजूद परंपरा जीवित

भागवत ने कहा कि सदियों से हमलों, कठिनाइयों और तबाही के बावजूद भारत की परंपराएं और मूल मूल्य जीवित रहे हैं, जिन्होंने अपने अंदर अच्छे संस्कार, धर्म और मूल्य बचाकर रखे, वही हिंदू कहलाए, और ऐसे लोगों की भूमि को भारत कहा गया। RSS प्रमुख ने कहा कि अगर भारत के लोग अच्छे, ईमानदार और मजबूत चरित्र वाले बनते हैं, तो वही गुण दुनिया के सामने देश की पहचान बनेंगे। आज पूरी दुनिया भारत से उम्मीद करती है और भारत तभी सही मायने में योगदान दे पाएगा, जब वह ताकतवर और प्रभावशाली होगा। ताकत का मतलब सिर्फ हथियार नहीं होता, बल्कि समझ, नैतिकता, ज्ञान और सही सिद्धांत भी ताकत का हिस्सा हैं।

# मोतिहारी में दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग, वाराणसी-अयोध्या के पंडितों ने की पूजा

### हर-हर महादेव से गुंजा रामायण मंदिर; सीएम नीतीश, दोनों उपमुख्यमंत्री भी पहुंचे







**मोतिहारी,एजेंसी।** बिहार के मोतिहारी के कैथवलिया स्थित विराट रामायण मंदिर में शनिवार यानी आज विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग स्थापित हो गया है। वाराणसी और अयोध्या से आए पंडित मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की।

इसके बाद सहस्त्रालिंगम शिवलिंग की स्थापना हुई। शिवलिंग की स्थापना के दौरान हर-हर महादेव के नारे भी लगे। शिवलिंग पर गंगा-यमुना समेत 8 पवित्र नदियों के जल से अभिषेक की तैयारी थी, लेकिन किसी कारणवश कैसिंल कर दिया गया।

ग्रेनाइट से बने 210 टन के शिवलिंग की स्थापना पर पूरे देश से साधु-संत और श्रद्धालु मौजूद हैं। इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने के लिए सीएम नीतीश और दोनों डिप्टी ष्टरूसम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी पहुंचे।

पूजा में महावीर मंदिर न्यास बोर्ड के सचिव सायन कुणाल और उनकी सांसद पत्नी शांभवी ने की। विजय सिन्हा भी सयान कुणाल के साथ पूजा में शामिल हुए। यहां हेलिकॉप्टर से फूलों की बारिश की तैयारी की गई है।

इलाके में मेले जैसा माहौल है, दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आए हैं। फूल-पूजा के सामान की छोटी-बड़ी दुकानें सजी हुई हैं। सुरक्षा को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

**अयोध्या-वाराणसी से 7 पंडित पूजा कराने पहुंचे :** शनिवार को सुबह 8 से करीब 11 बजे तक पूजा हुई। इसके बाद हवन और फिर शिवलिंग की स्थापना हुआ। पूजा के लिए महावीर मंदिर से करीब सात पंडित पहुंचे। साथ ही अयोध्या राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात, हरिद्वार, महाराष्ट्र से भी पंडित आए।

सहस्त्रलिंगम की स्थापना के दौरान होने वाले भव्य यज्ञ में चारों वेदों के विद्वानों को आमंत्रित किया गया। 4 LED स्क्रीन लगाए गए, जिससे लोगों ने लाइव स्थापना को देखा।

# देश की जरूरतों से ज्यादा वैश्विक पूंजी और बहुराष्ट्रीय हितों के अनुरूप निर्णय, लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** नई आर्थिक नीतियों के साथ जिस 'नए भारत' का निर्माण शुरू हुआ, वह केवल आर्थिक ढांचे का परिवर्तन नहीं था, बल्कि नागरिक चेतना, सामाजिक नैतिकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के क्रमिक क्षरण की भी शुरुआत थी। उदारीकरणङ्कनिजीकरणङ्कवैश्वीकरण की त्रयी ने राज्य की भूमिका को कल्याणकारी से प्रबंधकीय बना दिया और नागरिक को अधिकार-संपन्न इकाई से उपभोक्ता में बदल दिया। इसी प्रक्रिया में नागरिक समाज पर 'देशभक्ति' किसी विवेकशील मूल्य की तरह नहीं, बल्कि एक भूत की तरह सवार होती चली गई। इस अंधी देशभक्ति के समानांतर नागरिकता का बोध लगातार संकुचित होता गया। नागरिक अब संविधान, अधिकार, समानता और न्याय के सवालों से दूर होता गया और उसकी पहचान झंडा, नारा और प्रतीक तक सीमित कर दी गई। इंसानियत, करुणा, सामाजिक जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक असहमति जैसी खूबियां कमजोर पड़ती गईं। सवाल पूछना राष्ट्रविरोधी और अन्याय के खिलाफ खड़ा होना देशद्रोह घोषित किया जाने लगा।

पिछले तीन दशकों में यह सर्वविदित तथ्य है कि देश के प्राकृतिक संसाधनों, सार्वजनिक संपत्तियों और मेहनतकश श्रम की अभूतपूर्व लूट निगम पूंजीवाद के पक्ष में हुई है। खनन से लेकर बैंकिंग तक, रेलवे से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य तक–हर क्षेत्र में सार्वजनिक संपदा को निजी मुनाफे के लिए खोला गया। लेकिन नरेंद्र मोदी के शासनकाल में यह प्रक्रिया एक अंधी दौड़ में तब्दील हो गई, जहां गति ही उपलब्धि बन गई और परिणामों पर सवाल करना अपराध। संविधान की मूल भावना–समानता, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता–के विरुद्ध सार्वजनिक क्षेत्र को कमजोर कर निजी क्षेत्र को खड़ा किया जा रहा


नीरज कुमार

है। संसद, न्यायपालिका, मीडिया, विश्वविद्यालय और चुनावी संस्थाएं–जो लोकतंत्र के स्तंभ थे–या तो कमजोर की जा रही हैं या सत्ता के अनुशासन में लाई जा रही हैं। लोकतंत्र धीरे-धीरे नागरिक सहभागिता से निकलकर भीड़तंत्र में बदलता जा रहा है, जहां भावनाएं तर्क पर और शोर संवाद पर हावी है।

भारत आज एक गहरे नव साम्राज्यवादी शिकंजे में फंसा हुआ दिखाई देता है–जहां निर्णय देश की ज़रूरतों से ज़्यादा वैश्विक पूंजी और बहुराष्ट्रीय हितों के अनुरूप लिए जा रहे हैं। यह सब किसी अकेले राजनीतिक नेतृत्व का कारनामा नहीं हो सकता था। आज़ादी, संविधान, संसाधन, श्रम और संस्थाओं को गंवाने की यह प्रक्रिया नागरिक समाज की मौन या सक्रिय सहमति के बिना संभव नहीं थी। लेकिन नागरिक समाज अपने को गद्दार या साम्राज्यवादी ताकतों का गुलाम मानने को तैयार नहीं है। कारण साफ है–पिछले तीन दशकों में उसने एक ठीक-ठाक आर्थिक और सामाजिक हैसियत बना ली है। उपभोग, सुविधा और सापेक्षिक सुरक्षा ने उसे इस लूट का प्रत्यक्ष लाभार्थी या कम से कम मूक साझेदार बना दिया है। इसलिए वह अपने अंतर्विरोधों को छिपाने के लिए आक्रामक देशभक्ति का सहारा लेता है।

जैसे-जैसे नागरिक समाज की यह गद्दारी और गुलामी बढ़ती जाएगी, उसकी देशभक्ति का प्रदर्शन भी नए-नए, अधिक उग्र और अधिक दिखावटी रूपों में सामने आता जाएगा। निगम पूंजीवाद इस प्रदर्शन को पूरी हवा देगा, क्योंकि यही वह धुंआ है जिसमें लूट की आग साफ दिखाई नहीं देती। राष्ट्रवाद को नशे की तरह परोसा जाएगा, ताकि लूट से तबाह विशाल आबादी अपनी वास्तविक पीड़ा भूलकर भावनात्मक उत्तेजना में डूबी रहे। इस पूरी प्रक्रिया में नागरिक समाज एक खतरनाक भूमिका निभाता है। वह मेहनतकश, बेरोजगार, किसान, दलित और वंचित तबकों को यह समझाने में लगा रहता है कि उनकी समस्याओं की जड़ निगम पूंजीवाद की लूट नहीं, बल्कि मुसलमान हैं। आर्थिक अन्याय को सांप्रदायिक घृणा में बदल देना सत्ता और पूंजी का सबसे सफल हथियार बन चुका है। विडंबना यह है कि इस ज़हर भरे माहौल का असर मुसलमान समाज पर भी पड़ा है। लगातार संदेह और बहिष्कार के बीच वे भी देशभक्ति दिखाने की होड़ में पीछे नहीं रहना चाहते। यह स्थिति न केवल दुखद है, बल्कि लोकतंत्र के लिए घातक भी–क्योंकि जब नागरिकता देशभक्ति की परीक्षा में बदल जाती है, तब संविधान अर्थहीन हो जाता है। आज असली सवाल यह नहीं है कि देशभक्त कौन है, बल्कि यह है कि देश, लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ चल रही इस संगठित लूट के खिलाफ खड़ा होने का साहस कौन करेगा। जब तक नागरिक समाज अपने विशेषाधिकारों की चुप्पी नहीं तोड़ेगा और देशभक्ति के शोर से बाहर आकर सच्चाई का सामना नहीं करेगा, तब तक 'नया भारत' सिर्फ निगम पूंजीवाद का नया उपनिवेश बना रहेगा।( आलेख में लेखक- नीरज कुमार के अपने स्वतंत्र और निजी विचार हैं, किसी भी लेखक के स्वतंत्र विचारों पर संपादक मंडल अपनी सहमति प्रकट नहीं करता हैं।)

## शादी की नीयत से छात्रा का हुआ अपहरण

**परसा (सारण)।** शादी की नीयत से प्रैक्टिकल का परीक्षा देने निकली छात्रा का कुछ मनचले युवकों द्वारा अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना हरपुर परसा गांव से जुड़ी है। घटना को लेकर अपहृत छात्रा के पीड़ित पिता ने परसा थाना में आवेदन देकर पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई हैं। उसने कहा है कि 15 जनवरी को प्राएटिकल का परीक्षा देने के लिये घर से निकली जो देर शाम तक घर नही लौटी तो काफी खोजबीन में पता चला कि फतेहपुर निवासी अभिषेक साह व संजय साह ने शादी की नीयत से पुत्री का अपहरण कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## बाइक की टक्कर में एक महिला समेत चार लोग घायल

**परसा (सारण)।** परसा मारर मुख्य मार्ग पर सराय मुजफ्फर गांव में दो बाइक की टक्कर में एक महिला समेत लोग घायल हो गए। घायलों में परसा निवासी आनंद शर्मा का 18 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार,मो नसीम आलम का पांच वर्षीय पुत्र मो आरिश, मारर निवासी मो सज्जाद का पुत्र पवन,व मुंशीलाल राय की 60 वर्षीय पत्नी कलावती देवी बतायी गयी है। स्थानीय लोगो की मदद से इन सभी घायलों को इलाज के लिये सीएचसी परसा लाया गया । जहा प्राथमिक उपचार के उपरांत आर्यन कुमार,बालक मो आरिश,पवन को बेहतर इलाज के लिये पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## खैरा में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग को लेकर स्थानीय लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन




**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।**प्रखंड क्षेत्र के खैरा में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग को लेकर उस समय विवाद शुरू हो गई,ग्रामीणों के विरोध के कारण विभाग को कार्य रोककर लौटना पड़ा.जानकारी के अनुसार खैराङ्कमढ़ौरा मुख्य पथ पर पोस्ट ऑफिस खैरा के समीप एसबीआई एटीएम के पास लगे ट्रांसफार्मर को सड़क किनारे से हटाकर एक घर के सामने स्थापित किए जाने का प्रस्ताव था. जैसे ही विद्युत विभाग के कर्मी ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने पहुंचे,स्थानीय लोगों ने इसका लोगो ने विरोध करना शुरू कर दिया.विरोध कर रहे ग्रामीणों में साजिद आलम सोनू, शाहबाज अली,दूधनाथ राय, महेश साह, संतोष साह,अनोखा देवी, संजय साह, रिजवान हुसैन,बिस्मिल्लाह खान,शौकत अली,ताज अली सहित अन्य लोगों का कहना है कि पहले ही संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर ट्रांसफार्मर को किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की गई थी. इसके बावजूद कर्मी ट्रांसफार्मर को घर के पास लगाने पहुंचे, जिससे लोगों में नाराजगी फैल गई.ग्रामीणों का कहना है कि घर के सामने ट्रांसफार्मर लगाए जाने से आवागमन बाधित होगा और बच्चों,बुजुर्गों व मरीजों के लिए खतरा बना रहेगा.उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सड़क के उस पार पहले से लगे पोल पर ट्रांसफार्मर शिफ्ट किया जा सकता है.मौके पर विरोध होता देख विद्युत विभाग के कर्मियों को कार्य रोकना पड़ा.ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि ट्रांसफार्मर घर के सामने लगाया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे.वहीं इस संबंध में नगरा विद्युत विभाग के जेई मो0. ओबैदुल्लाह अंसारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और ट्रांसफार्मर को उचित व सुरक्षित स्थान पर ही शिफ्ट किया जाएगा.

## पुलिस ने सोनपुर व गरखा में छड़ व अन्य समानों के चोरी करने वाले 4 चोर को किया गिरफ्तार
### 930 किलो चना, 4500 किलो चना दाल, मटर दाल 1170 किलो एवं लगभग 5 टन छड़ हुए जब्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बीते 08 जनवरी को सोनपुर थाना क्षेत्र के बैजलपुर जमुनी स्थित न्यू गणपति सीमेंट भंडार से लगभग 10 टन छड़, तार, डीजल, टीवी, सीसिटीवी के सहित अन्य बिजली उपकरण एवं नगद राशि के चोरी की घटना हुई थी। जिसमे चोर ने दुकान के पास ट्रक खड़ा कर दुकान से छड़ अन्य समान चोरी कर फरार हों गया था। इससे पहले 10 दिसंबर को गड़खा थाना क्षेत्र अंतर्गत जसोसती पोखरा के पीछे स्थित गोदाम से ट्रक भरकर अनाजों की चोरी कर ली गई। इसी क्रम में गड़खा व सोनपुर थाना की संयुक्त टीम ने मुजफ्फरपुर से 4 चोरों की गिरफ्तारी की जिसकी पहचान किया। उक्त बात के जनकारी देते हुए छपरा ग्रामीण एसपी संजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शनिवार को बताया कि गरखा में हुई चोरी के समान 930 किलो चना, 4500 किलो चना दाल, मटर दाल 1170 किलो जबकि सोनपुर में 10 टन छड़ में से 5 टन छड़ बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना के जाफरपुर का छोटेलाल चौधरी का पुत्र सोनू कुमार, पारू थाना के दाउदपुर का कामेश्वर सिंह का बेटा राजन कुमार, देवरिया थाना के माधोपुर बुजुर्ग का अनिल कुमार का दो पुत्र सबरेश कुमार एवं अनिल राय के रूप में हुई. गिरफ्तार अभियुक्त अनिल राय और सबरेश राय का अब तक के आपराधिक इतिहास में सारण जिले के सोनपुर थाना -1, गरखा -1,भेल्दी -1 , वैशाली जिले के गोरौल --1,पूर्वी चम्पारण के चिरैया थाना --1,, मुजफ्फरपुर जिले बोचहा 1, पारु-2 ,सिवान जिले के पचरूखी थाना -1 कुल 8 थाना में अब तक 9 कांड कर चुका है।

## आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया शिक्षा भवन में स्थानांतरित हुआ माध्यमिक शिक्षा कार्यालय
### सुविधाओं से युक्त नया शिक्षा भवन विभागीय कार्यो को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा- डीपीओ

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला स्कूल परिसर स्थित नव निर्मित भवन में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) कार्यालय का नए ÷शिक्षा भवन÷ में स्थानांतरण एवं उद्घाटन संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अजित अमर हरिजन को शिक्षा विभाग से जुड़े पदाधिकारियों, शिक्षाविदों एवं शिक्षक संगठनों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं हैं। इस अवसर पर टीचर्स डेवलपमेंट एंड राइट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार मृणाभ के नेतृत्व में संगठन के



पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने डीपीओ अजित अमर हरिजन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल, सफल एवं शिक्षक- हितैषी कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि नए शिक्षा भवन में कार्यालय के स्थानांतरण से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, सुगमता और कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे शिक्षकों एवं विद्यार्थियों दोनों को लाभ मिलेगा। डीपीओ अजित अमर हरिजन ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया शिक्षा भवन विभागीय कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा को सुदृढ़ करने, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभाग लगातार नई योजनाओं और नवाचारों पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ÷सारण गुरु÷ क्लास के माध्यम से छात्रों को घर बैठे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मार्गदर्शन और विषयवस्तु उपलब्ध हो रही है, जिससे डिजिटल शिक्षा को नई दिशा मिली है। वहीं डीपीओ अजित अमर हरिजन द्वारा यूट्यूब के माध्यम से संचालित ÷सारण गुरु÷ क्लास की विशेष रूप से सराहना करते हुए उपस्थित शिक्षाविदों ने इसे छात्र हित में एक सराहनीय, दूरदर्शी और नवाचारी पहल बताया है।

## नीरज कुमार का छोटे से गांव से अमेरिका के वैश्विक मंच तक का सफर, युवाओं के लिए बना प्रेरणा स्रोत

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार की मिट्टी में जन्मे प्रतिभाशाली युवा नीरज कुमार सिंह ने शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर न केवल सारण जिले बल्कि पूरे राज्य और देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। सारण जिले के पानापुर प्रखंड अंतर्गत गंडक दियारा क्षेत्र के पकड़ी नरोत्तम गांव के सतजोड़ा बाजार निवासी नीरज कुमार सिंह आज विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणा की मिसाल बन चुके हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सही दिशा में हो, तो सफलता वैश्विक मंच तक पहुंच सकती है। क्योंकि नीरज कुमार सिंह का दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा समाज को बदलने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने अपनी सकारात्मक भूमिका से न केवल युवाओं में नई सोच जगाई है, बल्कि गांव, जिला, राज्य और देश को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित भी किया है। हाल ही में नीरज कुमार सिंह ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी स्थित मैरियट मार्क्विस होटल में आयोजित एस एस डबल्यू आर 2026 वार्षिक सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में विश्व भर से शिक्षा, सामाजिक कार्य, शोध और नीति निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन के




दौरान समाज से जुड़े नए मुद्दों, शोध निष्कर्षों और भविष्य की चुनौतियों पर गंभीर विमर्श हुआ, जिसमें नीरज के विचारों को विशेष सराहना मिली। एक साधारण ग्रामीण परिवार में जन्मे नीरज, पिता प्रमोद सिंह और माता गीता देवी के सपूत हैं। ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े नीरज ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। उनकी जीवन यात्रा यह संदेश देती है कि गांव से निकलकर भी वैश्विक बदलाव का हिस्सा बना जा सकता है। शिक्षा और युवाओं के सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए नीरज कुमार सिंह अब तक 12 देशों में, जिनमें 10 दक्षिण एशियाई देश शामिल हैं, विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक परियोजनाओं का नेतृत्व कर चुके हैं। उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, एमआईटी, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो और सी एस डबल्यू ई 2025 जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर अपने शोध और अनुभव साझा किए हैं। उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षा की समान पहुंच सुनिश्चित करना और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना रहा है। शैक्षणिक दृष्टि से भी नीरज का सफर प्रेरणादायक है। उन्होंने बी.एससी. की पढ़ाई के बाद राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान से सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री प्राप्त की। इसके साथ ही टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई से डिप्लोमा किया। आगे चलकर उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया, अमेरिका से इंटरनेशनल एजुकेशनल डेवलपमेंट में मास्टर डिग्री हासिल की, जहां उन्होंने शिक्षा नीति, समानता और वैश्विक शिक्षा पर गहन अध्ययन किया। नीरज कुमार सिंह ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में यूथ डेलीगेट के रूप में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वर्तमान में वे 'द सोशल वर्क नेबरहुड', यूएसए में मेंटोर के रूप में कार्यरत हैं, जहां वे नए सामाजिक कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दे रहे हैं। अब तक वे 100 से अधिक परियोजनाओं और 50 से ज्यादा एनजीओ, सरकारी विभागों व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ काम कर चुके हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान SAID की MRITE परियोजना के तहत 25 लाख से अधिक लोगों तक टीकाकरण से जुड़ी सहायता पहुंचाने में भी उनका अहम योगदान रहा।

## सोनपुर में सीसीटीवी मे स्कॉर्पियो से नवविवाहित के शव मायके में फेंकने का दृश्य कैद, पति समेत पांच नामजद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर के हरिहरनाथ थाना क्षेत्र के कोइरिया पट्टी में 28 वर्षीय नवविवाहिता सरिता प्रकाश की मौत अब हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित दहेज हत्या साबित होती दिख रही है। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज ने पूरे मामले से पर्दा उठा दिया है, जिसमें गुरुवार के देर रात स्कॉर्पियो से मृतिका के मायके में शव फेंकने का खौफनाक दृश्य साफ नजर आ रहा है।

मृतका के पिता जयप्रकाश महतो ने दामाद सत्येंद्र कुमार समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि शादी के बाद से ही सरिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। जमीन खरीदने के नाम पर करीब आठ लाख रुपये पहले ही दिलवाए गए थे, बावजूद इसके तीन लाख रुपये की और मांग की जा रही थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि रात करीब 12~38 बजे काले रंग के स्कॉर्पियो वाहन घर के पास आकर रुका, एक व्यक्ति नीचे उतरा और शव सड़क किनारे फेंककर फरार हो गया। थानाध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि संदिग्ध वाहन की पहचान कर ली गई है और हत्या व साक्ष्य छुपाने के सभी पहलुओं पर जांच तेज कर दी गई है। मृतका के मायके के सदस्यों ने पति सहित पांच लोगों को नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई है।

मृतिका के पिता जयप्रकाश महतो ने बताया कि सत्येंद्र की पहले दो शादियां हो चुकी थीं- एक सराय और दूसरी जंदाहा में- और दोनों पत्नियों को वह छोड़ चुका था। इसके अलावा वह शराब के एक मामले में जेल भी जा चुका था। परिजनों के अनुसार समाज के कुछ लोगों द्वारा यह कहे जाने पर कि सत्येंद्र अब सुधर गया है और उसका कथित ÷रुतबा÷ देखते हुए उन्होंने 9 मई 2025 को अपनी बड़ी पुत्री सरिता की शादी उससे कर दी। हमें क्या पता कि उसका पति ही जहां जीवन भर साथ देने का वचन शादी मंडप में लिया था वह उसका हत्यारा बन जाएगा।

मृतका के पति वैशाली जिले के करताहां थाना क्षेत्र करताहा बुजुर्ग निवासी स्व. रघुनाथ महतो का पुत्र सत्येंद्र कुमार के साथ शादी हुआ था। सीसीटीवी में जो स्कॉर्पियो दिखाई दे रहा है उस वाहन से सत्येंद्र पहले भी कई बार सोनपुर आ चुका है। जिसपर पुलिस का सटीकर सटा हुआ था। लोगों के बीच यह चर्चाएं हो रही है कि मृतिका सरिता प्रकाश की मौत की नींद क्यों सुलाया और क्यों उसके मायके शव को फेक कर फरार हो गया है. वहीं मृतका के ससुराल वाले के यहां घर के लोग फोन कर रहे हैं तो सभी का फोन स्विच ऑफ है और घर से सभी फरार है। घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है। वही सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि जिस गाड़ी का उपयोग सत्येंद्र ने शव फेंकने के दौरान किया है वह गाड़ी एक दरोगा की है। पुलिस ने गाड़ी को जप्त कर लिया है। जिस दरोगा का गाड़ी है वह दरोगा करतहां थाना में पहले कार्यरत था और सतेन्द्र उस वाहन का उपयोग करता था। सारण डीआई जी निलेश कुमार ने सोनपुर पहुंचकर नव विवाहित मृतिका के परिजनों से मिलकर विस्तृत जानकारी ली. जप्त किए गए वाहन समेत अन्य विषयो में जानकारी जुटाने व एस आई का गठन करने का आदेश दिया।

## सुंदरपुर की शानदार जीत, रिंकू कुमार बने मैन ऑफ द मैच
### मुकाबले में बनवारीपुर पर 65 रनों से बड़ी जीत, फाइनल में नाथा छपरा से होगा मुकाबला

दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)। 12 ओवर के दरियापुर प्रखंड क्षेत्र में आयोजित 12 ओवर के क्रिकेट मुकाबले में रविवार को सुंदरपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बनवारीपुर को 65 रनों से पराजित कर दिया। इस रोमांचक मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए रिंकू कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सुंदरपुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 160 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए बनवारीपुर के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनवारीपुर की टीम सुंदरपुर के सधे हुए गेंदबाजी आक्रमण के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 95 रन ही बना सकी। सुंदरपुर के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाते हुए मैच को एकतरफा बना दिया।शानदार बल्लेबाजी और प्रभावी योगदान के लिए रिंकू कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राज नाथ राय ने दिया । फाइनल मुकाबला 19 जनवरी को होगा। इस जीत के साथ सुंदरपुर की टीम ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब 19 जनवरी को नाथा छपरा और सुंदरपुर के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जिसे लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मैच के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शक मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## रोहित वेमुला की चित्र पर मौन श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुई आइसा बिहार राज्य परिषद की बैठक

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शनिवार को आइसा की बिहार राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक की शुरुआत छपरा में रोहित वेमुला की चित्र माल्यार्पण कर मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए आइसा के राष्ट्रीय महासचिव एवं जेएनयू के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कॉमरेड धनंजय ने कहा कि देश में भाजपा शासन के दौरान दलित और अल्पसंख्यक छात्रों के खिलाफ संस्थागत उत्पीड़न की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है, जिसका सबसे दर्दनाक उदाहरण हमारे कामरेड रोहित वेमुला हैं, जिन्हें इस व्यवस्था ने शिकार बनाया। उन्होंने कहा कि रोहित वेमुला केवल एक छात्र नहीं, बल्कि समानता, सामाजिक न्याय और गरिमापूर्ण शिक्षा के सपने का प्रतीक थे। उनके अधूरे सपनों को आगे बढ़ाने तथा क्षमता-आधारित, शिक्षित और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए आइसा निरंतर संघर्ष कर रही है। यह संघर्ष इसलिए भी अनिवार्य है ताकि पूरे देश में 'रोहित एक्ट' को लागू कराया जा सके और



किसी भी छात्र को उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि, जाति या वर्ग के कारण शिक्षा से वंचित न किया जाए सके! श्रद्धांजलि सभा में भाकपा (माले) जिला सचिव कॉमरेड सभा राय, आइसा के महासचिव प्रसेनजीत, आइसा बिहार राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी तथा आइसा बिहार राज्य सचिव सबीर कुमार सहित बिहार भर के राज्य परिषद के प्रतिनिधि सदस्यगन सैकड़ो छात्र नेता बैठक में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने शिक्षा और रोजगार पर हो रहे लगातार हमलों, बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा में हो रही भारी फीस वृद्धि तथा सरकार की उन नीतियों की कड़ी आलोचना की, जो गरीब, दलित, अल्पसंख्यक और मजदूर वर्ग के छात्रों को व्यवस्थित रूप से शिक्षा से बाहर धकेल रही हैं। इस बैठक में पटना विश्वविद्यालय कुमार दिव्यम आशीष कुमार,वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, विकाश कुमार, जय शंकर प्रसाद, रौशन कुशवाहा, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, दीपंकर कुमार, कौशिक कुणाल, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, लोकेश कुमार, दीपक युदुवंशी, रूपक कुमार, बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय, धर्मेंद्र कुमार, अखलाक अन्य विश्वविधालय के सैकड़ो आइसा नेता शामिल थे।

## पशुओं के इलाज के लिए लगा विशेष शिविर, 225 पशुओं का हुआ उपचार

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** दरियापुर प्रखंड के सज्जनपुर मटिहान पंचायत अंतर्गत सखनौली गांव में शनिवार (17 जनवरी 2026) को पशुपालन विभाग के तत्वावधान में पशु कल्याण निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन स्थानीय सरपंच ने किया। शिविर के दौरान पशु चिकित्सक डॉ. पंकज कुमार के नेतृत्व में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर में कुल 225 पशुओं का इलाज किया गया, जिससे पशुपालकों को बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम में मैत्री धर्मेंद्र कुमार,मंतोष कुमार सहित कई ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। ग्रामीणों ने पशुपालन विभाग की इस पहल की सराहना की और ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। शिविर के सफल आयोजन में पशु चिकित्सक डॉ. नीरज कुमार की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में पशुपालकों को पशुओं के रख-रखाव, टीकाकरण और बीमारी से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई।



# किसानों से धान खरीद में आनाकानी पर डीएम ने लिया संज्ञान, डीसीओ और बीसीओ पहुंचे किसानों के द्वार

### व्हाटसॉप पर मैसेज भेजकर बंशी छपरा के किसानों ने डीएम से लगायी थी गुहार

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** प्रखंड क्षेत्र के चनचौरा पैक्स की मनमानी, धान खरीद में देरी और आनाकानी करने से क्षुब्ध चनचौरा पैक्स अंतर्गत बंशी छपरा गांव के किसानों ने डीएम सारण के व्हाटसॉप पर मैसेज भेजकर पैक्स अध्यक्ष मीरा राय के खिलाफ किसानों से सौतेलापन व्यवहार करने की शिकायत की थी. व्हाटसॉप पर मैसेज के जरिए किए गए शिकायत पर सारण डीएम ने संज्ञान लिया और त्वरित कार्रवाई की. सारण डीएम के निर्देशानुसार शनिवार को जिला सहकारिता पदाधिकारी सुधीर कुमार सिंह, प्रखंड




सहकारिता पदाधिकारी दिलीप कुमार समेत पैक्स अध्यक्ष मीरा राय बंशी छपरा गांव स्थित शिकायतकर्ता किसान विकास कुमार सिंह व उमेश कुमार सिंह के द्वार पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनीं. इस दौरान किसानों ने बंशी छपरा गांव के किसानों के साथ पैक्स अध्यक्ष द्वारा सौतेलापन व्यवहार किए जाने की शिकायत की. धान खरीद लक्ष्य में भारी कटौती का बहाना बनाकर धान की खरीद शुरू न होने से किसान नाराज थे. किसानों का कहना था की पैक्स अध्यक्ष प्रत्येक वर्ष इस गांव के किसानों से धान की खरीद करने में देर और आनाकानी करते हैं. किसान अपनी फसल एमएसपी पर बेचना चाहते हैं लेकिन समय से खरीद न होने से बिचौलियों को औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो जाते हैं जिससे उनके समक्ष भरण पोषण का संकट रहता है. किसानों की समस्याओं से रूबरू होकर डीसीओ सुधीर कुमार सिंह ने पैक्स अध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई और कहा कि किसानों की समस्या बर्दाश्त नहीं. उन्होंने पैक्स अध्यक्ष को दो दिनों में धान की खरीद नहीं करने पर प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कहीं. मौके पर कामेश्वर सिंह, सुबाष सिंह, रामाशंकर सिंह, वशिष्ठ सिंह आदि किसान मौजूद थे.

## आशा कार्यकर्ता की गलत चयन को लेकर सारण डीएम से शिकायत

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के सरेया रत्नाकर पंचायत के वार्ड संख्या-14 में आशा कार्यकर्ता की गलत चयन को लेकर सारण डीएम से शिकायत की गई है। उक्त वार्ड के पोशाक क्षेत्र के निवासी संजीत कुमार सिंह द्वारा सारण डीएम को दिए गए शिकायती-पत्र में कहा गया है कि उनके पंचायत के वार्ड संख्या-14 में आशा कार्यकर्ता का पद रिक्त था। जिसमें स्थानीय मुखिया द्वारा संबंधित पदाधिकारियों के साथ मेल-मिलाप कर बिना आमसभा किए ही चयन मार्गदर्शिका के नियमों का उल्लंघन करते हुए गलत तरीके से सिर्फ कागजों में बैठक दिखा कर पोषक क्षेत्र की बाहर की महिला का आशा के पद पर चयन कर लिया गया है। जिससे पोषक क्षेत्र के आमजनों में काफी रोष व्याप्त है। पीड़ित व्यक्ति ने जिलाधिकारी से चयन किए गए आशा कार्यकर्ता की जांच कर बहाली रद्द करते हुए नए सिरे से नियमानुकुल बहाली करने की मांग की गई। वहीं इस शिकायती-पत्र की प्रतिलिपि सिविल सर्जन सारण, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल तरैया, एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी तरैया को भेजी गई है।

## रायपुरा फायरिंग कांड में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज, तीन गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**स्थानीय थाने के रायपुरा बाजार में शुक्रवार को घोरपरास के मीट के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में फायरिंग, मारपीट और चाकूबाजी की घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दूसरे पक्ष के तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पहले पक्ष की ओर से शाबिर हुसैन द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि शुक्रवार की शाम रायपुरा बाजार में घोरपरास के मीट को लेकर विवाद के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू और डंडे से हमला किया। प्राथमिकी में यह भी उल्लेख है कि इसी दौरान एक आरोपी द्वारा गोली चलाई गई, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित ने सोने की चेन और नकदी छीने जाने का भी आरोप लगाया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने की बात कही गई है।वहीं दूसरे पक्ष की ओर से वसीम अख्तर द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि रायपुरा बाजार स्थित मीट की दुकान पर बैठा था तभी साबीर हुसैन व उनके पुत्रो ने धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोप है कि इस दौरान पांच हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन भी लूट लिया गया।थानाध्यक्ष राके कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। वसीम अख्तर की प्राथमिकी में नामजद अभियुक्त साबीर हुसैन, उनके पुत्र तैयब हुसैन व नासिर हुसैन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## माइक्रो इरीगेशन के लिए किसानों का प्रशिक्षण



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में माइक्रो इरीगेशन के लिए किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइक्रो इरिगेशन भोपाल के डायरेक्टर प्रमोद वैद्य,कृषि विज्ञान केंद्र माझी के डॉक्टर जितेंद्र सहित कई कृषि वैज्ञानिकों ने माइक्रो इरीगेशन के बारे में किसानों को विस्तार से समझाया। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि पैदावार बढ़ाने की यह एक आधुनिक और प्रभावी विधि है।इससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ती है। इससे खरपतवार का नियंत्रण भी होता है व पानी का अधिकतम उपयोग होता है। इसका उपयोग करने से कैसे किसानों की आय दुगनी होगी के बारे में वैज्ञानिकों ने टिप्स भी बताया।मौके पर प्रखंड प्रमुख अखिलेश्वर पासवान, बीडीओ विनोद कुमार बीडीसी राजन तिवारी,गंडक एसडीओ अमरजीत कुमार, जे ई राकेश कुमार, डॉ श्वेता सिंह, परियोजना वाटर यूजर समिति के पानी प्रधान विनय सिंह, उप प्रधान दीपक सिंह, क्लस्टर सचिव विजय यादव कोषाध्यक्ष वरुण शाह, कृष्णा सिंह डॉ सुषमा सहित कई भी थे.कार्यक्रम में राजद प्रखंड अध्यक्ष श्री राम राय और जदयू नेता भोला सिंह ने प्रखंड के 25त्न कृषि भूभाग मे जल जमाव के बारे में पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

## जदयू नेता की मां का निधन, शोक व्याप्त

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के लौंवां गांव निवासी तथा जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव अजय प्रताप सिंह तथा तरैया विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी व प्राचार्य विजय विक्रम सिंह की 74 वर्षीया मां प्रभावती देवी का असामयिक निधन शुक्रवार की रात पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उनका पार्थिव शरीर जैसे ही पैतृक गांव लौंवा पहुंचा कि उनके अंतिम दर्शन को लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जिला पार्षद सह जदयू के जिला उपाध्यक्ष छविनाथ सिंह, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार साह, पूर्व मुखिया सह जदयू के जिला महासचिव राज किशोर सिंह, राजद नेता लंकेश बाबा, शैलेश सिंह, रामजी सिंह ,मनिंदर गिरी समेत सैकड़ों लोगों ने नेताद्वय के पैतृक आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त स्वजनों का ढ़ाढ़स बंधाया तथा अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं मृतका के पार्थिव शरीर पर फूल माला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय विधायक जनक सिंह, विधायक केदारनाथ सिंह,रणधीर सिंह, तरैया के पूर्व राजद प्रत्याशी शैलेंद्र प्रताप सिंह, युवराज सुधीर सिंह, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, मुखिया धनंजय पांडेय,पूर्व मुखिया अरबिन्द चौरसिया व अन्य ने भी स्वजनों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## चाकूबाजी की घटना में घायल पटना रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में चाकूबाजी में घायल को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया। घायल तरैया थाना क्षेत्र के डुमरी छपिया गांव निवासी राजू कुमार सिंह पिता स्व विजय सिंह हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ ललिता ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर धारदार हथियार से घायल की गंभीर हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। घटना का विवाद आपसी विवाद बताया गया। हालांकि घटना के बारे में परिजनों के द्वारा कोई भी स्पष्ट जानकारी देने से कतरा रहा थें।

## मशरक के चरिहारा में मकान में कमरें का ताला काट चोरी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के बंगरा पंचायत के चरिहारा गांव में अज्ञात चोरों के द्वारा कमरें का ताला काट पीतल का बर्तन समेत अन्य सामान चोरी कर लेने का मामला सामने आया। चरिहारा गांव निवासी गुड़िया देवी पति जितेंद्र राम ने बताया कि वह जब सुबह जगी तों देखा कि कमरे का ताला काट चोरी कर ली गई है। उसने बताया कि उसके किचन और उसकी गोतनी ज्योति देवी पति धर्मेंद्र राम के कमरें का ताला टूटा हुआ है। जब देखा तों कमरें से पीतल का बर्तन समेत कई अन्य सामान चोरी कर ली गई है। मौके पर थाना पुलिस पहुंच जांच पड़ताल कर रही है।

## मशरक में अलग-अलग घटनाओं में दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में अलग-अलग घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। पहले घटना में मशरक के बहरौली बाजार के पास बाइक सवार को अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसमें बाइक पर पीछे बैठी वृद्ध महिला घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराई गई। घायल दुरगौली गांव निवासी स्व श्यामलाल पंडित की 65 वर्षीय नारो देवी हैं। परिजनों ने बताया कि बाइक पर सवार होकर बहरौली बाजार पर गये थें कि अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। वहीं ग्रामीणों की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 की टीम ने सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। दूसरे मामले में मशरक के पचखंडा गांव में धान की मोरी बर्बाद करने के विवाद में मारपीट कर एक शख्स को घायल कर दिया गया। घायल पचखंडा गांव निवासी स्व नथुनी शर्मा का 70 वर्षीय पुत्र कृष्णा शर्मा हैं। घायल ने बताया कि धान की मोरी खरीदी गई है उसी में कुछ नीचे गिड़ पड़ा था उसी को बर्बाद करने पर पूछने पर मारपीट कर घायल कर दिया गया। दोनों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ।

## शोक : कलाकार ओम प्रकाश चौधरी का निधन

**दैनिक खोज खबर/ मांझी(सारण)।** सारण जिले के चर्चित चित्रकार तथा पंडाल निर्माता एवम मांझी के धनी छपरा गांव निवासी कलाकार ओम प्रकाश चौधरी 50 वर्ष का शुक्रवार की रात हार्ट अटैक की वजह से छपरा सदर अस्पताल में निधन हो गया। निधन की खबर पाकर उनके परिजनों के रुदन क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया और गांव के लोग शोकाकुल हो गए। सोशल मीडिया के जरिये निधन की खबर पाकर शनिवार की सुबह उनके दरवाजे पर आसपास के ग्रामीणों व शुभचिंतकों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक कलाकार के साथ काम करने वाले उनके छोटे भाई पंकज चौधरी तथा मिथिलेश पँडित ने बताया कि मृतक द्वारा बनियापुर के मानोपाली में 25 लाख की लागत से बनाया गया दो सौ फुट लंबा अजगर नुमा पंडाल तथा जलालपुर के फुटानी बाजार पर 75 लाख की लागत से बनाया गया ऑक्टोपस नुमा पंडाल एवम बनियापुर में 40 लाख रुपये की लागत से मिशन सिंदूर वाली पहाड़ी की आकृति के पंडाल के अलावा धनी छपरा गांव के सामने पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर की शक्ल का पंडाल काफी चर्चा में रहा। दाह संस्कार में शामिल होने पहुंचे मानोपाली के राजीव कुमार तथा मियां पट्टी के बिनोद कुमार गुप्ता एवम जलालपुर के फुटानी बाजार और नैनी आदि अनेक स्थानों से बड़ी संख्या में पहुंचे शुभचिंतकों एवम कारीगरों ने बताया कि शांत स्वभाव एवम अदभुद प्रतिभा क्षमता के धनी ओम प्रकाश चौधरी का असमय चले जाना कलाकृति के क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है। कौरुधौरु के मुखिया पति उदय शंकर सिंह ने बताया कि मृतक ओम प्रकाश चौधरी द्वारा 22 जनवरी को नैनी फकुली में प्रस्तावित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम के लिए की जा रही कलाकृति तथा पेंटिंग का काम अंतिम चरण में है लेकिन उनके असामयिक निधन से चित्रकारी अधूरी रह गई। इधर धनी छपरा गांव के राम जानकी मंदिर परिसर में मृतक द्वारा दो हंसों का जोड़ा नामक चर्चित व आकर्षक पंडाल का निर्माण भी उनके निधन से अधूरा रह गया। इस बात का गांव के लोगों को बेहद मलाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा तीन अविवाहित पुत्र हैं जिनका भरण पोषण कारीगरी व कलाकृति से होने वाली आमदनी से होता था। सरयु नदी के किनारे उनका दाह संस्कार सम्पन्न हो गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र मोनू कुमार ने दी।

## सरकारी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल में नए सत्र में नव आंगतुक छात्राओं का फ्रेशर पार्टी में हुआ स्वागत

**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण)।** सरकारी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल में सिनियर छात्राओं ने फ्रेशर पार्टी का आयोजन कर नए सत्र में नव आंगतुक छात्राओं का स्वागत किया। स्वागत समारोह के साथ संस्था ने 5 वें बैच का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवित कर मुख्य अतिथि ने किया। इस दौरान प्राचार्य शैल्वी ने अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य शैल्वी ने सभी छात्राओं का मार्गदर्शन दिया और नर्सिंग व्यवसाय की सीख दी। यह बताया कि कोर्स उपरांत अस्पताल और समाज में किस तरह कार्य करना है। सभी से नर्सिंग कोर्स से निपुणता प्राप्त करने और इस सेवा में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। नर्सिंगट्यूटर शकीलूर रहमान ने छात्राओं और उनके अभिभावकों को समाजहीत से जुड़े इस प्रोफेशन को चुनने की बधाई दी। इस दौरान




सांस्कृतिक आयोजन में छात्राओं ने नृत्य, गायन व नाट्य कला में अपनी शानदार प्रस्तुति दी। सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं का उपहार देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान रेफरल अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर वीरेश कुमार, डॉक्टर राजीव कुमार ने फ्रेसर छात्राओ का सहयोग का आश्वासन दिया। समारोह में प्रथम और द्वितीय वर्ष की सभी छात्राएं उपस्थित रही। इसके साथ नर्सिंग स्कूल के ट्यूटर स्नेही प्रसाद, दिव्या रानी, सुमन कुमारी, अखिलेश कुमार चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।?

## गौरा में बोलेरो सवार चोरों ने की चोरी, नगदी व गहने ले उड़े

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** गौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दामोदरपुर में पोखरा के पास दरोगा राय के घर बीती रात बोलेरो सवार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। यह वारदात शुक्रवार की मध्यरात्रि करीब एक बजे हुई। चोर घर से चार पेटियां उठाकर ले गए, जिनमें नगदी, गहने, कपड़े व कागजात थे। बाद में ये पेटियां नरहरपुर उच्च विद्यालय और हथिसार पंचायत भवन के बीच सड़क किनारे पुलिया के पास खाली अवस्था में बरामद हुई।पीड़ित की मां चंपा कुंअर ने बताया कि शोर मचाने पर दो-तीन की संख्या में चोर बोलेरो से उत्तर दिशा की ओर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची गौरा थानाध्यक्ष कुमारी सिमरन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## बिजली विभाग की लापरवाही से हंसापीर गांव में मंडरा रहा हादसे का खतरा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के हंसापिर गांव में बिजली विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गांव में बिजली का तार नीचे लटक रहा है और उसे अस्थायी रूप से बांस के सहारे बांधकर रखा गया है। हैरानी की बात यह है कि गांव में नया बिजली पोल भी लगाया जा चुका है, लेकिन अब तक टूटे हुए पुराने पोल से तार हटाकर नए पोल पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि यह



स्थिति किसी भी समय बड़ी अनहोनी का कारण बन सकती है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों को लेकर ग्रामीणों में विशेष भय बना हुआ है। बिजली के तार को रोकने के लिए लगाए गए बांस के संपर्क में अगर कोई बच्चा आ गया, तो बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संबंधित जेई की यह घोर लापरवाही है। कई बार फोन कर समस्या से अवगत कराने की कोशिश की गई, लेकिन जेई कॉल रिसीव नहीं कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और भी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते तार को नए पोल में नहीं बांधा गया, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वरीय अधिकारियों से मामले में त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए जल्द से जल्द बिजली के तार को नए पोल में शिफ्ट कराया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। फिलहाल गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## मस्तीचक को 2-0 से हराकर सिवान ने फाइनल में बनाई जगह

### खेल महोत्सव-2026 : महिला फुटबॉल में सिवान की शानदार जीत, फाइनल मुकाबले आज

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** नगर पंचायत रिविलगंज के श्रीनाथ बाबा मंदिर परिसर स्थित खेल मैदान में आयोजित खेल महोत्सव-2026 के चौथे दिन शनिवार को महिला फुटबॉल का रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। सिवान और आई हॉस्पिटल मस्तीचक की महिला टीमों के बीच खेले गए इस मैच में सिवान ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मस्तीचक को 2-0 से पराजित कर जीत दर्ज की। इससे पूर्व महिला सीनियर व जूनियर वर्ग की 1500 मीटर दौड़, पुरुष सीनियर व जूनियर वर्ग की 3000 मीटर दौड़ तथा गोला थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें केवल रिविलगंज प्रखंड के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैच का विधिवत उद्घाटन वार्ड पार्षद चिंता कुमारी, पूर्व खिलाड़ी शेषनाथ सिंह, भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनुरंजन कुमार और राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सरोज राय ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल शुरू होने से पहले मैदान में सामूहिक देशभक्ति गीत गाया गया। मुख्य पार्षद अमिता यादव के सौजन्य से आयोजित महिला एवं पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। महिला वर्ग में सेमरिया (सारण) और सिवान के बीच जबकि पुरुष वर्ग में सिवान और सारण की टीमें आमने-सामने होंगी। निर्णायक मंडल में धर्मेंद्र सिंह उर्फ दारा सिंह, हरेराम राय और जफ्फरुला खां शामिल रहेंगे। मैच के दौरान मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुकेश कुमार यादव उर्फ सोनू यादव सहित कई गणमान्य लोग और हजारों दर्शक उपस्थित रहे।



## इसुआपुर प्रखंड के किसान नीलगाय से परेशान

**दैनिक खोज खबर/ इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के 13 पंचायत में नीलगाय का आतंक चरम पर है .किसान कर्ज लेकर खेती करते हैं जैसे ही फसल तैयार होता है नीलगायें उसको खा जाती हैं. कर्ज में डूबे हुए किसान समझ नहीं पा रहे हैं कि इन नीलगायों से उन्हें कब और कैसे मुक्ति मिलेगी.प्रत्येक वर्ष वे लोग सरकार से या साहूकार कर्ज लेकर खेती करते हैं. इस आस में की इस बार फसल अच्छी हो गया तो पीछे का भी कर्ज चुका देंगे. लेकिन फसल लगते ही दर्जनों के झुंड में नीलगाय उनके खेतों में आतीं हैं,फसलों को चट कर उनके अरमानों पर पानी फिर देती है. किसानों का कहना है कि यह नीलगाय हर गांव में 25 से 26 की संख्या में मौजूद है. जो एक बार में एक साथ खेत में आती है और 10 मिनट के अंदर खेत में लगे फ़सलों को चट कर देतीं हैं. किसानों को सबसे ज्यादा घटा सब्जी की खेती में होता है. सब्जी की खेती में जैसे ही फल लगने शुरू होते हैं वैसे ही नीलगायों का आक्रमण शुरू हो जाता है. तथा वे खेतों में लगी फसलों को खाकर किसानों का कमर तोड़ देटी हैं. किसानों का यह भी कहना है कि अभी गेहूं का फसल उपज रहा है. ऐसे समय में वह रात भर अपने गेहूं का रखवाली कर रहे हैं. लेकिन जैसे ही वे घर जातें हैं वैसे हीनीलगाय खेतों में चले आते हैं. उन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि इन नीलगायों से उन्हें कैसे निजात मिलेगा .वही सरकारी पदाधिकारी ने इस मामले में चुपी साधे हुए हैं. किसानों के दर्द से उन्हें नही लेना देना.लाख आग्रह के बाद भी उनका कुम्भकर्णी नींद नहीं खुल रहा है. दर्जनों भर किसानों ने कहा जी वे लोग प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से कई बार इस मामले में गुहार लगा चुके हैं. किसानों ने डीएम से आग्रह किया है कि वह एक टास्क फोर्स बनाकर नीलगायों के आतंक से हम किसानों को बचाएं.

## सीमा तथा सरयू नदी की रेत पर देशी शराब के निर्माण में लगे कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण,)।** मांझी थाना पुलिस ने शनिवार को अहले सुबह यूपी बिहार की सीमा तथा सरयू नदी की रेत पर देशी शराब के निर्माण में लगे कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार की अहले सुबह मांझी थाना की पुलिस द्वारा मांझी और बलिया जनपद के बीच दियरा इलाके मे छापेमारी कर सात अवैध देशी शराब के भट्ठीयो को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है साथ ही अभियान के दौरान लगभग दो हजार लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब (पास) तथा देसी शराब के निर्माण मे प्रयुक्त उपकरणों को भीं नष्ट कर दिया गया है। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी देव आशीष हँस ने बताया की गुप्त सुचना प्राप्त हुई थी कि दियारा इलाके मे बड़े पैमाने पर देशी शराब बनाया जा रहा है। जिसपर 28 की संख्या मे पुलिस पदाधिकारी एवम सिपाहियों के साथ दियारा क्षेत्र मे छापेमारी करके देशी शराब की भट्ठीयो को ध्वस्त कर दिया गया है और साथ मे अर्धनिर्मित देशी शराब को मौके पर विनष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि शराब कारोबारियों तथा तस्करों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दिवंगत समाजसेवी एवं पूर्वमुखिया पति के परिजनों से मिले सांसद



**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल शनिवार को बसहिया गांव पहुँचे एवं दिवंगत समाजसेवी एवं पूर्वमुखिया पति कृष्णशंकर सिंह उर्फ बबुआजी के परिजनों से मुलाक़ात की एवं उन्हें सांत्वना दिया. उन्होंने कहा कि होनी को कोई टाल नहीं सकता लेकिन बबुआजी का इस तरह दुनिया से चले जाना पानापुर के लिए अपूरणीय क्षति है. मालूम हो कि चार माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल बसहिया पंचायत की पूर्वमुखिया निरपा देवी के पति कृष्णशंकर सिंह उर्फ बबुआजी की गत 10 जनवरी को मौत हो गयी थी. बाद में सांसद ने पानापुर बाजार स्थित यात्रीशेड का उद्घाटन किया.इस मौके पर संजय सिंह, ओमप्रकाश सिंह, सुरेन्द्र पंडित सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## किशनगंज एसपी संतोष कुमार ने हरिहरनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना, राकेश सिंह ने किया स्वागत



**दैनिक खोज खबर//सोनपुर।** सोनपुर बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पहुंच कर किशनगंज एसपी संतोष कुमार ने मंदिर मे पूजा अर्चना की। मंदिर में बाबा लोगो ने मन्त्रोंउच्चारण के साथ उनका पूजा अर्चना कराया और उन्होंने पूजा कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने एसपी संतोष कुमार को बुके और मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया और उनके साथ आये हुए लोगो को भी अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर पुजारी सुशीलचंद्र शास्त्री, सदानंद बाबा, भूटकून बाबा राहुल बाबा, बमबम बाबा, विनय बाबा, सुमंत बाबा, मोनू कुमार सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे। एसपी संतोष कुमार ने भी मंदिर की व्यवस्था को लेकर प्रशंसा किया और मंदिर कमिटी को इसके लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा की इनका कार्यकाल सारण मे भी काफ़ी सराहनीय रहा है। जिसकी चर्चा हमेशा होती है, इनके कार्यकाल में जिला में शांति बहाल रहा और इनका कार्य के शैली भी काफ़ी सराहनीय था, लोगो की समस्या को सुनकर उसका समाधान करते थे ।आशा है की किशनगंज मे भी इनका कार्यकाल सराहनीय रहेगा।

## सीवान : पुलिस पदाधिकारियों को एसपी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**परवेज अख्तर/सीवान।**पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में शनिवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने उपस्थित 15 लोगों की फरियादें सुनीं। जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए सभी फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया।

## अलग-अलग कांड में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**सिवान।** जिले की पुलिस ने अलग-अलग कांड में शामिल तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पहली गिरफ्तारी सिसवन थाना क्षेत्र से हुई है। जहां से हत्या कांड में संलिप्त सिसवन थाना क्षेत्र के जेलर साहब के मठिया निवासी प्रवीण कुमार शाही को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी गिरफ्तारी मैरवा थाना क्षेत्र से हुई है। जहां मैरवा थानांतर्गत दुकान में चोरी करते हुए सलमान अंसारी व रंजन भगत को गिरफ्तार किया गया। बताया कि तीनों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

## डिब्रूगढ़-गोमतीनगर-डिब्रूगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस का आज होगा शुभारंभ

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री की सुविधा हेतु 15949/15950 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर-डिब्रूगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस गाड़ी के संचालन का शुभारंभ 18 जनवरी को डिब्रूगढ़ से 05949 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर अमृत भारत उद्घाटन विशेष गाड़ी के रूप में किया जाएगा। इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05949 डिब्रूगढ़-गोमतीनगर अमृत भारत उद्घाटन विशेष गाड़ी 18 जनवरी को डिब्रूगढ़ से 11.00 बजे प्रस्थान कर मोराणहाट, सिमालगुड़ी, मरियानी, फरकाटिंग, दीमापुर, दीफू, लम्डिंग, होजई, चापरमुख, जागी रोड, गुवाहाटी, कामाख्या दूसरे दिन रंगिया, नलबाड़ी, बारपेटा रोड, न्यू बोंगाईगांव, कोकराझार, न्यू अलीपुर द्वार, न्यू कूचविहार, न्यू जलपाई गुड़ी, अलुआबारी रोड, किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सिवान से 22.10 बजे, देवरिया सदर तीसरे दिन गोरखपुर, खलीलाबाद, मनकापुर, अयोध्या धाम, अयोध्या कैण्ट तथा बाराबंकी छूटकर गोमतीनगर 09.00 पहुंचेगी। इस विशेष गाड़ी में शयनयान श्रेणी के आठ, साधारण द्वितीय श्रेणी के 11, एसएलआरडी के दो तथा पेंट्रीकार से एक कोच सहित कुल 22 कोच लगाया जाएगा।

## दहेज प्रताड़ना मामले में महिला समेत तीन गिरफ्तार, जेल

**सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के बौनागंज जलालपुर गांव में पुलिस ने शनिवार को दहेज प्रताड़ना के मामले में महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि दहेज प्रताड़ना के मामले में पूर्व में कोर्ट परिवाद मामले में बौनागंज जलालपुर निवासी कृष्णा प्रसाद, नीतू देवी एवं उमरावती देवी को गिरफ्तार किया गया है। तीनों के विरुद्ध पूर्व से हीं मामला दर्ज था।

# मैरवा की बेटियां बिहार राज्य अंडर 17 बालिका स्कूली हैंडबॉल टीम के कप्तान

### कोच एवं मैनेजर बन ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त कर सिवान को किया गौरवान्वित



**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सीवान)।** स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गुजरात राज्य के सोमनाथ में19 से 23 जनवरी 2026 तक आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेल अंडर 17 बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली बिहार टीम का कप्तान, कोच एवं मैनेजर तीनों शीर्ष पदों की जिम्मेवारी मैरवा की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सौंपी गई है। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के संस्थापक सह मुख्य कोच संजय पाठक ने बताया की चयनीत कोच चंदा कुमारी रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की वरीय खिलाड़ी हैं वहीं मैनेजर के रूप में चयनीत खुशबू कुमारी भी रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की पूर्व खिलाड़ी हैं जो वर्तमान में खेल कोटा से नौकरी प्राप्त कर नालंदा जिला समाहरणालय में पदस्थापित है जबकी वैष्णवी कुमारी रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की आवासीय प्रशिक्षु खिलाड़ी है। बिहार टीम के कमान मिलने पर इन तीनों बेटीयों को आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशिभूषण सिंहा, सचिव डॉ शरद चौधरी,डॉ अशोक कुमार, डॉ रामएकबाल प्रसाद गुप्ता,डॉ संगीता चौधरी,डॉ रीता सिंहा,डॉ इंद्र मोहन, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ आर एन ओझा,निदेशक राजीव लोचन मिश्र, हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ सिवान की सचिव सलमा खातुन सहित कई अन्य लोगों ने शुभकामनाएं और बधाई दी है।

## 24 घंटे के विशेष अभियान में 33 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 33 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में 12, वारंट के कांड में सात, आर्म्स एक्ट के कांड में एक, हत्या का प्रयास कांड में चार, हत्या के कांड में एक, डकैती के कांड में एक व विविध के कांड में सात गिरफ्तारी की गई। वहीं 83 लीटर देसी शराब व एक लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 58 वारंट व 25 कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 70 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई।

## तरवारा के कर्णपुरा में भूमि विवाद को ले,शौच के लिए जा रहे युवक को मारी गोली,दो हिरासत में



**परवेज अख्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के कर्णपुरा गांव में शनिवार की अल सुबह भूमि विवाद में कुछ लोगों ने शौच के लिए जा रहे एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया और फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से स्वजनों ने घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान कर्णपुरा निवासी ब्रह्मा चौधरी के बीस वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने पहुंचकर मामले की। इसके बाद एसपी ने सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह व थानाध्यक्ष मिहिर कुमार को दिशा-निर्देश दिया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में घायल के स्वजनों ने बताया कि घर के पास स्थित दो धुर भूमि को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। विवाद को शांत कराने और सीमा निर्धारण के लिए शुक्रवार को प्रशासन द्वारा अमीन से नापी कराई गई थी। इसके बाद से ही प्रतिद्वंद्वी पक्ष में आक्रोश था। इसी विवाद को लेकर शनिवार की सुबह मनीष जब घर से कुछ दूरी पर शौच के लिए निकला, तभी घात लगाकर बैठे लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया। जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। घायल अवस्था में वह घर पहुंचा, जहां परिवार के सदस्यों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। एसपी ने बताया कि शनिवार को जीबी नगर थाना को सूचना प्राप्त हुई कि थानान्तर्गत ग्राम कर्णपुरा में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना कारित की गयी है, जिसमें एक पक्ष से मनीष कुमार को गोली लगने के कारण जख्मी हो गए। इस संबंध में जीबी नगर थाना द्वारा घटना से जुड़ी सभी बिंदुओं की जांच हेतु दो व्यक्तियों को पुलिस हिरासत में लिया गया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई मुंबई नगर निकाय चुनाव में जीत की खुशी

**सिवान।** बसंतपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में शनिवार को मुंबई नगर निकाय चुनाव में भारी जीत का जश्न मनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यालय में उत्साह का माहौल रहा। सिवान पूर्वी जिला अध्यक्ष रणजीत प्रसाद ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मुंबई नगरपालिका चुनाव में मिली प्रचंड जीत पर एक-दूसरे को बधाई दी और खुशी जाहिर की। इस अवसर पर मिठाइयां बांटी गई और जीत का जश्न मनाया गया। रंजीत प्रसाद ने कहा कि मुंबई शहर से लेकर गांव तक जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है और यही विश्वास पार्टी की प्रचंड जीत का कारण बना। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर भाजपा के पक्ष में नारे लगाए और संगठन की मजबूती को लेकर संकल्प लिया गया।

## सीवान : सरस्वती पूजा को ले लाइसेंस लेना जरूरी, अश्लील गीत एवं डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में 23 जनवरी को को सरस्वती पूजा व बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाएगा। इसकी तैयारी लोगों द्वारा शुरू कर दी गई है। बसंत पंचमी व सरस्वती पूजा को ले महाराजगंज एवं दारौंदा थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने तथा पूजा पंडाल रखने वालों को लाइसेंस लेना आवश्यक बताया गया। साथ ही पूजा पंडालों पर अश्लील गीत एवं डीजे पर प्रतिबंध रखने की बात कही गई। बताया गया कि पूजा के दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की नजर रखी जाएगी। शांति भंग करने वालों को किसी भी सूरत पर बख्शा नहीं जाएगा। पूजा को ले सभी पूजा समितियों को पुलिस को सूचना देनी होगी ताकि सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा सके। जानकारी के अनुसार महाराजगंज थाना परिसर में बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ अमन ने की। बैठक में एसडीपीओ ने सभी पूजा समिति से कहा कि जहां- जहां पूजा हो रहा है सभी को लाइसेंस लेना जरूरी है। बिना लाइसेंस पर कार्रवाई होगी। एसडीपीओ ने कहा कि पूजा के दौरान डीजे, आर्केस्ट्रा पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। यदि डीजे, आर्केस्ट्रा बजाया गया तो संबंधित लोगों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने कहा कि निर्धारित तिथि 24 जनवरी को हर हाल में मूर्ति का विसर्जन करें। बैठक में थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी, सीओ जितेंद्र कुमार, प्रो. अभय कुमार सिंह, अभय सिंह, नागमणि सिंह, मोहन कुमार पदमाकर, रिज्वानुल्लाह उर्फ टुन्ना आदि उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ सिंपी कुमारी एवं अंचलाधिकारी वेद प्रकाश नारायण ने कहा कि हर हाल में सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना होगा। बिना लाइसेंस पूजा पंडाल लगाने या प्रतिमा स्थापित करने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर किए जाने वाले आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट पर भी प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि उमेश सिंह, उपप्रमुख हरेश यादव, जिलापार्षद धर्मेंद्र यादव, पूर्व जिलापार्षद वीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र राय, मुखिया धनु कुमार भारती, मंसूर अंसारी आदि उपस्थित थे।

## लाई के अंदर ट्रक में छुपाकर लाई जा रही 50 लाख से अधिक की शराब जब्त

**परवेज अख्तर/सीवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मैरवा थाना क्षेत्र के धरनी छापर चेक पोस्ट के पास से एक 12 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में अलग-अलग ब्रांड की शराब बरामद की। हालांकि मौके का फायदा उठाकर ट्रक चालक सह शराब तस्कर फरार होने में सफल रहा। बरामद शराब की अनुमति कीमत 50 लाख रुपया से अधिक आंकी गई है। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के धरनी छापर चेक पोस्ट होते एक ट्रक से भारी मात्र में शराब आ रही है। सूचना पर उत्पाद सदर थाना के थानाध्यक्ष अंकेश कुमार ने एक टीम का गठन किया। टीम में निरीक्षक रूपेश कुमार द्वारा यूपी से आने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों के सघन जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एक ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ट्रक लेकर भागने लगा। जिसे बल की मदद से पकड़ लिया गया। हालांकि उसके पूर्व ही चालक ट्रक से कूदकर फरार हो गया। ट्रक की जांच हुई तो लाई के अंदर छिपकर रखी हुई 9540.000 लीटर अवैध विदेसी शराब बरामद की गई। हालांकि वाहन चालक सह शराब तस्कर फरार होने में सफल रहा।

## तीन व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था आरपीएफ ने पकड़

**सिवान।** जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक से आरपीएफ ने तीन व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में पकड़कर कार्रवाई की है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्रा जंक्शन के प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिय, यात्री हाल, एफओबी पर निगरानी व गश्त कर रहे थे। इसी दौरान आने-जाने वाली गाड़ियों क्रमशः 15203, 12566 में मानव तस्कारों की निगरानी की गई। इसी क्रम में प्लेटफार्म संख्या एक के पश्चिम छोर के पास से तीन व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की गई। पकड़े गए में एमएच नगर थाना क्षेत्र के हसनपुरा निवासी मुकेश कुमार गुप्ता, उसरी बुजुर्ग भीम कुमार प्रसाद व अनिल साह है।

## एक घंटे तक इमरजेंसी वार्ड के गेट पर तड़पता रहा युवक

**सिवान।** सदर अस्पताल के आपातकाल वार्ड के सामने शनिवार को एक युवक इलाज के लिए एक घंटे तक तड़पता रहा। युवक नगर थाना क्षेत्र के संतोषी माता मंदिर के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। जहां डायल 112 का सिपाही मनीष कुमार ने घायल को ई-रिक्शा पर सदर अस्पताल भेजा। वह इमरजेंसी गेट के समीप घंटों तड़पता रहा, लेकिन किसी कर्मचारी द्वारा उसे अंदर नहीं ले जाया गया। वहीं लोगों ने इसकी सूचना अस्पताल अधीक्षक डा. अनिल कुमार सिंह को देने की कोशिश की हालांकि उन्होंने फोन नहीं उठाया। तब लोगों ने उसे अस्पताल के अंदर भर्ती कराया। इसके बाद उसका इलाज शुरू किया गया।

## बसंतपुर - सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित चार घायल, दो रेफर

**सिवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर शनिवार को हुए तीन सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 227ए पर मुन्ना मार्बल के समीप आटो व बाइक की टक्कर में बाइक सवार लकड़ी नबीगंज के बसौली निवासी चंदन राम व विदुंति कुंवर घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद चंदन को अस्पताल से ही छुट्टी दे दी गई। वहीं महिला को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया चौक पर ट्रक की चपेट में आने से नगवां निवासी मो. नजीर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी तरफ मुख्यालय से सटे कोड़र पुल के पास दो बाइक की हुई टक्कर में बाइक सवार सहलौर निवासी प्रेमनाथ महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज सीएचसी में कराया गया।

## सीवान -ट्रेन से शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** ट्रेन से आरपीएफ ने शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शुक्रवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशों में टीम द्वारा गाड़ी संख्या 11059 गोदान एक्सप्रेस के प्लेटफार्म संख्या एक पर आगमन पर जांच की गई। जांच के दौरान गाड़ी के स्लीपर कोच से उतर कर जाते हुए एक व्यक्ति को अपने कंधे में एक बैग लटकाकर तथा एक बैग हाथ में लेकर तेज गति से बाहर की तरफ जाता हुआ देखा गया। जिसे शंका होने पर रोका गया। उसी व्यक्ति के द्वारा बैग का चैन खुलवाकर देखा गया तो दोनों बैग के अंदर शराब मिली। शराब के संबंध में उत्पाद विभाग सदर को सूचित किया गया। जिनके द्वारा जंक्शन पर आकर दोनों बैग के साथ तस्कर को अपने कब्जे में लिया गया। दोनों बैग में 163 बोतल शराब पाया गया। गिरफ्तार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जुड़कन निवासी राजेश चौरसिया है। जिसे पूछताछ के बाद उत्पाद विभाग के द्वारा जेल भेज दिया गया।

## भूमि विवाद निपटारा शिविर में कई मामले की हुई सुनवाई

**सिवान।** जिले के लकड़ी नबीगंज, हुसैनगंज, दारौंदा थाना परिसर में शनिवार को विभिन्न विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मामले निष्पादन को पहुंचे फरियादियों के मामले की सुनवाई की गई। लकड़ी नबीगंज थाना में पहुंचे आठ फरियादियों ने आवेदन सौंपा जिसमें अंचलाधिकारी कुमारी नेहा और थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शुक्ला मामले की सुनवाई कर दिया तथा अन्य को दूसरे सप्ताह पूर्ण कागजात लेकर आने का निर्देश दिया। दारौंदा अंचल कार्यालय में भूमि विवादित को लेकर 16 फरियादी पहुंचे हुए थे, जिसमें राजस्व अंचल अधिकारी वेद प्रकाश नारायण, थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह के नेतृत्व में 12 मामले का निष्पादन किया गया। चार मामले लंबित रहे गए। हुसैनगंज अंचल कार्यालय में शनिवार को सीओ दिव्य प्रकाश एवं थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया इसमें भूमि विवाद संबंधित छह आवेदन प्राप्त हुए, इसमें चार मामले का निष्पादन किया गया। दो पर नोटिस की कार्रवाई की गई। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, अंचल गार्ड रामाजी राम आदि उपस्थित थे।

